Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# दो धामों में तीन मई तक दर्शनार्थियों को अनुमति नहीं

**लोकार्पण**

## गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुले

पुरोहितों ने कोरोना महामारी से मुक्ति के लिए दोनों धामों में हवन और पूजा अर्चना की

**संवाददाता**

उत्तरकाशी। कोविड–19 के खिलाफ धामों में भी कोरोना के खिलाफ जंग चल रही है। बीते रविवार को गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के बाद सोमवार को तीर्थ पुरोहितों ने कोरोना महामारी से मुक्ति के लिए दोनों धामों में हवन और पूजा अर्चना की। दोनों धामों में परिसर के गेट बंद कर दिए गए हैं। किसी भी श्रद्धालु मंदिर परिसर में तीन मई तक आने और दर्शन करने पर पूरी तरह से रोक है। इसके अलावा गंगोत्री और यमुनोत्री बाजार भी पूरी तरह से बंद रखा गया है। लॉकडाउन का नियम न टूटे इस लिए तीर्थ पुरोहितों की संख्या भी सीमित रखी गई है।

गंगोत्री धाम में सोमवार सुबह चार बजे से तीर्थ पुरोहित राजेश सेमवाल व अनुज सेमवाल ने पूजा



अर्चना शुरू हुई। सबसे पहले मां गंगा का श्रृंगार किया गया।

सुबह छह बजे मंगल आरती हुई। जिसमें कोई अन्य पुरोहित भी शामिल नहीं हुआ। जिसके बाद इन दोनों तीर्थ पुरोहितों ने भारत और विश्व से कोरोना मुक्ति के लिए हवन किया। इसके साथ ही गंगा सहस्रनाम पाठ, गंगा लहरी पाठ, गंगा के बीज मंत्र से जाप भी किया। जिसके बाद मां गंगा को केशरी चावल का भोग लगाया गया। गंगोत्री मंदिर समिति के सह सचिव राजेश सेमवाल कहते हैं कि लॉकडाउन और शारीरिक दूरी का पालन करते हुए कोरोना मुक्ति के लिए अनुष्ठान किया गया। यह अनुष्ठान नियमित चलेगा। उन्होंने कहा कि दो तीर्थ पुरोहितों के अलावा सोमवार को मंदिर में कोई नहीं गया।

मंदिर परिसर का स्वागत द्वार को भी बंद किया हुआ है। जिससे स्थानीय साधु संत व अन्य लोग भी लॉकडाउन तक मंदिर में न आएं। मंदिर समिति अध्यक्ष सुरेश सेमवाल ने कहा कि हर मंदिर में दो तीर्थ पुरोहितों की तैनाती की गई। जिससे परंपराएं अक्षुण रहे और मां गंगा सुपूज्य रहे। बस सभी तीर्थ पुरोहित अपने–अपने स्थानों फिलहाल कोरोना से मुक्ति के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। सुरेश सेमवाल ने बताया गंगोत्री धाम में अभी तक एक भी दुकान नहीं खुली है। सभी दुकानें बंद हैं। धाम में पूरी तरह से सन्नाटा है।

वहीं यमुनोत्री मंदिर समिति में सचिव कीर्तेश्वर उनियाल कहते हैं कि यमुनोत्री धाम में दो तीर्थ पुरोहित ने विधिविधान से पूजा अर्चना की। इसके साथ ही मां यमुना से प्रार्थना की गई की जल्द से जल्द कोरोना महामारी से भारत समेत पूरे विश्व को मुक्ति मिले। यह प्रक्रिया नियमित जारी रहेगी। लेकिन, श्रद्धालुओं के लिए मंदिर लॉकडाउन तक पूरी तरह से बंद है।

## न्यूज डायरी

### गर्भवती महिलाओं की सेवा मे जुटे संयुक्त मजिस्टेट गहरवार

**संवाददाता** पिथौरागढ । एक ओर जहां जिला मुख्यालय में गर्भवती महिलाओं को अल्टा सांउड करने के लिए चक्कर काटने को मजबूर होना पड रहा है। वही लाकडाउन के चलते सीमांत क्षेत्र गंगोलीहाट में संयुक्त मजिस्टेट डा सौरव गहरवार इलाके की गर्भवती महिलाओं के व्यस्तता के वावजूद सेवा में जुटे हुए है। बता दें कि बीते रविवार को डा गहरवार ने सीमांत इलाके में आई 51 गर्भवती महिलाओं व मरीजों के अल्ट्रासाउंड कराये। ताजा सूत्रों के मुताबिक डां गहरवार द्वारा 17 मार्च 2019 में सामुदायिक स्वास्थ केंन्द्र में खुद के प्रयासों से अल्टासांउड कर रहे है। वहि उनके द्वारा प्रत्येक रविवार को इलाके में अल्ट्रासाउंड कराये जा रहे है। वही स्वास्थ केंन्दों में आने वाले मरीजों से सामाजिक दूरी का पालन भी कराया जा रहा है। बता दें कि लाकडाउन में व्यस्त होने के बावजूद डा गहरवार द्वारा क्षेत्र में अल्टसाउंड कराये जा रहे है।

### जिले में दुकानें खोले जाने को लेकर व्यापारी असमंजस में पड़े

**संवाददाता** पिथौरागढ। जिलें में रोज की भांति दुकानें खुली रही। बता दें कि जिलें में बडी दुकानें नही खुल पाई। वही जहां कुछ दुकानदारों ने अपने दुकानें खोलने की कोशिस की पुलिस द्वारा उन दुकानों को प्रशासन द्वारा बंद करा दिया गया। वही दुकानदार मायूस होकर अपने घरों को लौटे। बता दें कि मुख्यालय में फिलहाल आवश्यकीय सामग्री वाली दुकानें ही खुली रही। वही ग्रीन जोन में केंन्द्र सरकार के दुकानें खोलने के आदेश स्पष्ट नही होने के कारण जिले में असमंजस का माहौल बना रहा। वही मुख्यालय में सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक दुकाने जरूरत वाले सामानों की खुले रहने के समाचार मिले है।

### भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस के साथ एयरटेल पेमेंट्स बैंक की साझेदारी

**संवाददाता** देहरादून। भारत के पहले पेमेंट्स बैंक, एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस, जो भारत के प्रमुख व्यापारिक समूहों में से एक भारती एंटरप्राइजेज, और दुनिया की सबसे बड़ी बीमा कंपनियों में से एक एक्सा का संयुक्त उद्यम, के साथ इस चुनौतीपूर्ण समय में कोविड –19 के खिलाफ वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने हेतु सरल और केंद्रित बीमा योजना प्रदान करने के लिए साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत, उन्होंने दो अलग–अलग स्वास्थ्य बीमा योजनाएं शुरू की हैं – भारती एक्सा ग्रुप हेल्थ एश्योर जो 25000 रुपये तक का लाभ प्रदान करता है और ग्रुप हॉस्पिटल कैश जो कोविड–19 से सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिदिन 500 रुपये से शुरू होने वाला दैनिक लाभ प्रदान करता है।




## भोजन प्रदान कर लगातार की जा रही जरूरतमंदों की सेवा

**संवाददाता** देहरादून। सरस्वती विहार विकास समिति अजबपुर खुर्द देहरादून द्वारा लगातार 29 वें दिन गरीब एवं असहाय लोगों को 320 खाने के पैकेट हरिद्वार बाईपास पुलिस चौकी के माध्यम से वितरित किए गये है और जरूरतमंदों को मॉस्क भी वितरित किये जा रहे है। सरस्वती विहार विकास समिति के सचिव गजेन्द्र भंडारी ने कहा है कि समिति का नाम पूरे उत्तराखंड में अपने निस्वार्थ कार्यों के लिए जाना जा रहा है। उन्होंने कहा कि लगातार जरूरतमंदों की सेवा की जा रही है और प्रतिदिन भोजन की व्यवस्था की जा रही है और आने वाले समय में भी इसे पूर्ण रूप से संचालित किया जायेगा। इस अवसर पर सरस्वती विहार विकास समिति के अध्यक्ष पंचम सिंह बिष्ट ने समस्त क्षेत्रवासियों का युवा शक्ति वह मातृशक्ति का भी आभार प्रकट किया और कहा कि हमारे युवा सुबह छह बजे से दोपहर एक बजे दोपहर तक कड़ी मेहनत करके खाना बनवाने में सहयोग करते हैं जिसके फलस्वरूप समिति अब तक लगातार 300 से 400 पैकेट तक खाना बांट रही है।

## लॉकडाउन चलने तक पशिचिम बंगाल के पर्यटकों कोई भी समस्या नही होने दी जायेगी

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ । 34 दिन से लाकडाउन के चलते पश्चिम बंगाल के पर्यटक चौकोडी में फंसे हुए है। बता दें कि इन पर्यटकों के पास अब न तो पैसा बचा है और न ही इनके पास दवायें भी नही है। ये पर्यटक 21 मार्च से चौकोडी के निजी होटल में फंसे हुए है। इन लोगों ने बताया कि इनके दल में शामिल चार लो बाईपास सर्जरी वाले है। इन लोगों के पास अब अपने घर जाने को पैसा भी नही बचा हैं। बता दें कि ये पर्यटक कुमाउ दर्शन के लिए आये थे। लाकडाउन के चलते चौकोडी में फसे रह गये है। इस दल में कुल 27 लोग शामिल है। इस दल में एक चार साल की बालिका भी है।

**खबर का असर**

जानकारी के मुताबिक कुछ पर्यटक 60 साल की सीमा वाले है। दवा खत्म होने से उनकी समस्या ज्यादा बड चुकी है। बता दें कि वहां कोई चिकित्सक भी मौजुद नही है। अब इनका धैर्य भी अब जवाब देने लगा है। ताजा जानकारी के मुताबिक जिला पिथौरागढ के पेज थ्री संवाददाता द्वारा दो दिन पूर्व चौकोडी में फंसे पश्चिम बंगाल के पर्यटकों के बारे में समाचार प्रकाशित किया था। जिलाधिकारी डा वी के जोगदडे ने पर्यटकों की सुध लेने के लिए गंगोलीहाट के संयुक्त मजिस्टेट डा सौरभ गहरवार को मौके पर पर्यकों के बीच भेजा। पर्यटकों के लिए प्रशासन द्वारा उनके लिए खाने के लिए राशन व चौकेडी से बेरीनाग जाने के लिए पास भी मुहैया करा दिया है। वही मौके पर हल्द्वानी से उनके लिए दवा आदि की पूर्ति कराने के लिए तुरंत इुतजामात भी किये है। पर्यटकों को दस किट राशन देने के साथ पर्यटकों के प्रवास वाले रिसोर्ट को कुकिंग गैस भी उपलब्ध करायी है। वही स्थानीय स्टेट बैक की क्षेत्रीय शाखा से इन पर्यटकों के लिए पचास हजार की व्यवस्था भी की।

सूत्रों के मुताबिक एक नायब तहसीलदार को इन लोगों की देख रेख के लिए नियमित रख दिया है। वही जिला प्रशासन द्वारा कहना कि आगामी तीन मई तक लाकडाउन चलने तक इन पर्यटकों कोई भी समस्या नही होने दी जायेगी।

## हरीश रावत के जन्मदिन पर बांटे मॉस्क व सैनिटाइजर

**संवाददाता** देहरादून। हरीश रावत विचार मंच उत्तराखंड के अध्यक्ष गुल मोहम्मद के नेतृत्व में उत्तराखंड के पुर्व मुख्यमंत्री एवं महासचिव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी हरीश रावत के 72 वे जन्मदिन के अवसर पर मंच ने 100 जरूरतमंद लोगों को मॉस्क, एवं सैनिटाइजर, वितरित किये गये।

इस अवसर पर गुल मौहम्मद ने कहा कि हरीश रावत जन जन के लोकप्रिय नेता है,और इस करोना महामारी की मुश्किल घड़ी में भी हरीश रावत देश प्रदेश में अपने सुझाव भारत सरकार राज्य सरकार को समय–समय पर दे रहे हैं, ताकि आम जन को कोई परेसानी न हो, हरीश रावत उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत से भी समय–समय पर ये भी आग्रह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग लॉकडाउन की वजह से किसी न किसी कारण दुसरे प्रदेशों में फंसे हुए हैं, उन को भी राज्य सरकार वापस लाने के जल्द से जल्द इंतेजाम करें। इस अवसर पर गुल मोहम्मद ने सभी लोगों से अपील की है कि वह अपने घरों में ही रह कर ही करोना वायरस कोविड 19 से सुरक्षित है, और सभी घर पर रहें, घर से बाहर बिलकुल न जाये।